**मूल हिन्दी**

**भारत सरकार**
**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**
**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न सं0 *334**
**18 मार्च, 2021 को उत्तर के लिए**

**स्मार्ट सिटी मिशन का कार्यान्वयन**

***334. श्री गोपाल शेट्टी:**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने 'स्मार्ट सिटी मिशन (एससीएम) कार्यान्वित किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) इस मिशन के अंतर्गत देश में आज की तिथि तक चयनित शहरों के राज्य-वार नाम क्या हैं;

(ग) इस मिशन में शामिल किए जाने वाले शहरों को कौन सी सुविधाएं दिया जाना प्रस्तावित है; और

(घ) इस मिशन के अंतर्गत राज्य/शहर-वार व्यय की जाने वाली धनराशि का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**
**(श्री हरदीप सिंह पुरी)**

**(क) से (घ):** विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

********

**विवरण**

**"स्मार्ट सिटी मिशन का कार्यान्वयन" के संबंध में दिनांक 18.03.2021 के लोक सभा तारांकित प्रश्न सं0 *334 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण ।**

(क) से (घ): भारत सरकार ने 100 शहरों का स्मार्ट सिटी के रूप में विकास करने हेतु 25 जून, 2015 को स्मार्ट सिटीज मिशन (एससीएम) का शुभारंभ किया था। 100 स्मार्ट सिटी का चयन जनवरी, 2016 से जून, 2018 तक चयन के 4 चरणों के माध्यम से पूरा किया गया है। स्मार्ट सिटीज का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र वार ब्यौरा **अनुलग्नक-।** में दिया गया है।

100 स्मार्ट सिटी द्वारा अपने स्मार्ट सिटी प्रस्तावों के भाग के रूप में 2,05,018 करोड़ रू0 की कुल 5,151 परियोजनाओं का प्रस्ताव रखा गया था। स्मार्ट शहरों में, अन्य बातों के साथ-साथ, प्रदान की जाने वाली प्रस्तावित सुविधाएं निम्नलिखित से संबंधित हैं:

i) क्षेत्र-आधारित विकास कार्यों में मिश्रित भू-उपयोग को बढ़ावा देना;
ii) आवासन और समावेशिता;
iii) चलने योग्य इलाकों का निर्माण;
iv) खुले स्थलों का संरक्षण एवं विकास करना;
v) परिवहन के विभिन्न विकल्पों को बढ़ावा देना;
vi) शासन को नागरिक अनुकूल एवं लागत प्रभावी बनाना;
vii) शहर को पहचान प्रदान करना; और
viii) अवसंरचना एवं सेवाओं के लिए स्मार्ट समाधानों का अनुप्रयोग ।

केंद्र सरकार मिशन को पांच वर्षों की अवधि में 48,000 करोड़ रू0 तक; अथवा प्रति शहर 500 करोड़ रू0 की औसत से वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। समानता आधार पर, इसी के बराबर राशि का अंशदान राज्य/शहरी स्थानीय निकाय द्वारा दिया जाएगा। इन निधियों के अलावा, लगभग 42,028 करोड़ रू0 (21%) अन्य मिशनों के साथ समाभिरूपता से, 41,022 करोड़ रू0 (21%) सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) से, लगभग 9,843 करोड़ रू0 (4.8%) ऋण से, 2,644 करोड़ रू0 (1.3%) स्वयं के स्रोतों से और शेष अन्य स्रोतों से प्रस्तावित किए गए हैं। स्मार्ट सिटीज प्रस्तावों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र/स्मार्ट शहर-वार ब्यौरा **अनुलग्नक-।।** में दिया गया है।

*****

**माननीय सांसद श्री गोपाल शेट्टी द्वारा पूछे गए एससीएम के क्रियान्वयन के संबंध में दिनांक 18.03.2021 के लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *334 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक-I**

**100 स्मार्ट सिटी का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | स्मार्ट सिटी |
|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार | पोर्ट ब्लेयर |
| 2 | आंध्र प्रदेश | अमरावती, काकीनाडा, तिरुपति, विशाखापत्तनम |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | ईटानगर, पासीघाट |
| 4 | असम | गुवाहाटी |
| 5 | बिहार | भागलपुर, बिहारशरीफ, मुजफ्फरपुर, पटना |
| 6 | चंडीगढ़ | चंडीगढ़ |
| 7 | छत्तीसगढ़ | अटल नगर, बिलासपुर, रायपुर |
| 8 | दादरा और नगर हवेली | सिल्वासा |
| 9 | दमन और दीव | दीव |
| 10 | दिल्ली | एनडीएमसी |
| 11 | गोवा | पणजी |
| 12 | गुजरात | अहमदाबाद, दाहोद, गांधीनगर, राजकोट, सूरत, वडोदरा |
| 13 | हरियाणा | फरीदाबाद, करनाल |
| 14 | हिमाचल प्रदेश | धर्मशाला, शिमला |
| 15 | जम्मू और कश्मीर | जम्मू, श्रीनगर |
| 16 | झारखंड | रांची |
| 17 | कर्नाटक | बेलगावी, बेंगलुरु, देवनगेरे, हुबली-धारवाड़,मंगलुरु, शिवमोग्गा, तुमकुरु |
| 18 | केरल | कोच्चि, तिरुवनंतपुरम |
| 19 | लक्षद्वीप | कावारत्ती |
| 20 | मध्य प्रदेश | भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर, सागर, सतना, उज्जैन |
| 21 | महाराष्ट्र | औरंगाबाद, कल्याण-डोंबिवली, नागपुर, नासिक,पिंपरी-चिंचवाड़, पुणे, सोलापुर, ठाणे |
| 22 | मणिपुर | इंफाल |
| 23 | मेघालय | शिलांग |
| 24 | मिजोरम | आइजोल |
| 25 | नागालैंड | कोहिमा |
| 26 | ओडिशा | भुवनेश्वर, राउरकेला |
| 27 | पुदुचेरी | पुदुचेरी |
| 28 | पंजाब | अमृतसर, जालंधर, लुधियाना |
| 29 | राजस्थान | अजमेर, जयपुर, कोटा, उदयपुर |
| 30 | सिक्किम | गंगटोक, नामची |
| 31 | तमिलनाडु | चेन्नई, कोयम्बटूर, इरोड, मदुरै, सलेम,तंजावुर, थूथुकुडी, तिरुचिरापल्ली, तिरुनेलवेली, तिरुप्पूर, वेल्लोर |
| 32 | तेलंगाना | ग्रेटर वारंगल, करीमनगर |
| 33 | त्रिपुरा | अगरतला |
| 34 | उत्तर प्रदेश | आगरा, अलीगढ़, बरेली, झाँसी, कानपुर, लखनऊ, मुरादाबाद, प्रयागराज, सहारनपुर, वाराणसी |
| 35 | उत्तराखंड | देहरादून |
| 36 | पश्चिम बंगाल | न्यू टाउन कोलकाता |

**माननीय सांसद श्री गोपाल शेट्टी द्वारा पूछे गए एससीएम के क्रियान्वयन के संबंध में दिनांक 18.03.2021 के लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *334 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक-।।**

**स्मार्ट सिटीज़ प्रस्तावों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र/स्मार्ट सिटी-वार ब्यौरा**

**(करोड़ रूपए में)**

| क्र.सं. | राज्य | स्मार्ट सिटी | एससीपी लागत |
|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार | पोर्ट ब्लेयर | 777.65 |
| 2 | आन्ध्र प्रदेश | अमरावती | 1811.79 |
| 3 | आन्ध्र प्रदेश | काकीनाडा | 1993.03 |
| 4 | आन्ध्र प्रदेश | तिरुपति | 1610.95 |
| 5 | आन्ध्र प्रदेश | विशाखापत्तनम | 1601.87 |
| 6 | अरूणाचल प्रदेश | ईटानगर | 1342.56 |
| 7 | अरूणाचल प्रदेश | पासीघाट | 1534.63 |
| 8 | असम | गुवाहाटी | 2256.00 |
| 9 | बिहार | भागलपुर | 1309.30 |
| 10 | बिहार | बिहार शरीफ | 1517.00 |
| 11 | बिहार | मुजफ्फरपुर | 1580.00 |
| 12 | बिहार | पटना | 2498.79 |
| 13 | चंडीगढ़ | चंडीगढ़ | 5979.39 |
| 14 | छत्तीसगढ़ | अटल नगर | 1678.60 |
| 15 | छत्तीसगढ़ | बिलासपुर | 3966.32 |
| 16 | छत्तीसगढ़ | रायपुर | 3940.00 |
| 17 | दादरा और नगर हवेली | सिल्वासा | 1082.52 |
| 18 | दमन और दीव | दीव | 1442.74 |
| 19 | दिल्ली | एनडीएमसी | 1897.27 |
| 20 | गोवा | पणजी | 1775.12 |
| 21 | गुजरात | अहमदाबाद | 2290.00 |
| 22 | गुजरात | दाहोद | 1029.00 |
| 23 | गुजरात | गांधीनगर | 1408.00 |
| 24 | गुजरात | राजकोट | 2623.01 |
| 25 | गुजरात | सूरत | 2597.00 |
| 26 | गुजरात | वडोदरा | 2006.75 |
| 27 | हरियाणा | फरीदाबाद | 2577.47 |
| 28 | हरियाणा | करनाल | 1211.04 |
| 29 | हिमाचल प्रदेश | धर्मशाला | 2109.69 |
| 30 | हिमाचल प्रदेश | शिमला | 2730.27 |
| 31 | जम्मू कश्मीर | जम्मू | 3464.49 |
| 32 | जम्मू कश्मीर | श्रीनगर | 3634.27 |
| 33 | झारखंड | रांची | 1489.27 |
| 34 | कर्नाटक | बेलगावी | 3534.50 |
| 35 | कर्नाटक | बेंगलुरु | 1792.35 |
| 36 | कर्नाटक | दावनगेरे | 1307.18 |
| 37 | कर्नाटक | हुब्बली-धारवाड़ | 1662.00 |

| क्र.सं. | राज्य | स्मार्ट सिटी | एससीपी लागत |
|---|---|---|---|
| 38 | कर्नाटक | मंगलुरु | 2000.72 |
| 39 | कर्नाटक | शिवमोगा | 1517.39 |
| 40 | कर्नाटक | तुमकुरु | 2227.00 |
| 41 | केरल | कोच्चि | 2076.24 |
| 42 | केरल | तिरुवनंतपुरम | 1538.20 |
| 43 | लक्षद्वीप | कावारत्ती | 526.61 |
| 44 | मध्य प्रदेश | भोपाल | 2719.11 |
| 45 | मध्य प्रदेश | ग्वालियर | 2250.00 |
| 46 | मध्य प्रदेश | इंदौर | 5099.60 |
| 47 | मध्य प्रदेश | जबलपुर | 3998.50 |
| 48 | मध्य प्रदेश | सागर | 1607.54 |
| 49 | मध्य प्रदेश | सतना | 1457.05 |
| 50 | मध्य प्रदेश | उज्जैन | 2176.17 |
| 51 | महाराष्ट्र | औरंगाबाद | 1562.82 |
| 52 | महाराष्ट्र | कल्याण-डोम्बीवली | 2027.00 |
| 53 | महाराष्ट्र | नागपुर | 1002.00 |
| 54 | महाराष्ट्र | नासिक | 2193.72 |
| 55 | महाराष्ट्र | पिंपरी-चिंचवाड | 1094.50 |
| 56 | महाराष्ट्र | पुणे | 2363.00 |
| 57 | महाराष्ट्र | सोलापुर | 2247.00 |
| 58 | महाराष्ट्र | ठाणे | 5404.00 |
| 59 | मणिपुर | इंफाल | 1523.00 |
| 60 | मेघालय | शिलांग | 1039.00 |
| 61 | मिजोरम | आइजोल | 2053.01 |
| 62 | नागालैंड | कोहिमा | 1661.25 |
| 63 | ओडिशा | भुवनेश्वर | 4537.00 |
| 64 | ओडिशा | राउरकेला | 2571.27 |
| 65 | पुडुचेरी | पुडुचेरी | 1827.83 |
| 66 | पंजाब | अमृतसर | 3431 |
| 67 | पंजाब | जालंधर | 1985 |
| 68 | पंजाब | लुधियाना | 1049 |
| 69 | राजस्थान | अजमेर | 1770.00 |
| 70 | राजस्थान | जयपुर | 2340.52 |
| 71 | राजस्थान | कोटा | 1387.00 |
| 72 | राजस्थान | उदयपुर | 1221.00 |
| 73 | सिक्किम | गंगटोक | 2234.00 |
| 74 | सिक्किम | नामची | 921.56 |
| 75 | तमिलनाडु | चेन्नई | 1366.25 |
| 76 | तमिलनाडु | कोयंबटूर | 1570.00 |
| 77 | तमिलनाडु | इरोड | 1543.52 |
| 78 | तमिलनाडु | मदुरै | 1342.00 |
| 79 | तमिलनाडु | सेलम | 1908.60 |

| क्र.सं. | राज्य | स्मार्ट सिटी | एससीपी लागत |
|---|---|---|---|
| 80 | तमिलनाडु | तंजावुर | 1289.52 |
| 81 | तमिलनाडु | थूथुकुडी | 1327.04 |
| 82 | तमिलनाडु | तिरुचिरापल्ली | 1271.04 |
| 83 | तमिलनाडु | तिरुनेलवेली | 1217.55 |
| 84 | तमिलनाडु | तिरुपूर | 1190.15 |
| 85 | तमिलनाडु | वेल्लोर | 1281.12 |
| 86 | तेलंगाना | ग्रेटर वारंगल | 2740.00 |
| 87 | तेलंगाना | करीमनगर | 1731.00 |
| 88 | त्रिपुरा | अगरतला | 1988.36 |
| 89 | उत्तर प्रदेश | आगरा | 2133.00 |
| 90 | उत्तर प्रदेश | अलीगढ़ | 2566.86 |
| 91 | उत्तर प्रदेश | बरेली | 1922.74 |
| 92 | उत्तर प्रदेश | झांसी | 1728.00 |
| 93 | उत्तर प्रदेश | कानपुर | 2311.96 |
| 94 | उत्तर प्रदेश | लखनऊ | 2053.33 |
| 95 | उत्तर प्रदेश | मुरादाबाद | 1766.84 |
| 96 | उत्तर प्रदेश | प्रयागराज | 2239.48 |
| 97 | उत्तर प्रदेश | सहारनपुर | 1679.00 |
| 98 | उत्तर प्रदेश | वाराणसी | 2269.58 |
| 99 | उत्तराखंड | देहरादून | 1347.60 |
| 100 | पश्चिम बंगाल | न्यू टाउन कोलकाता | 1532.41 |

*****